TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 03 जून

1. **विश्व साइकिल दिवस–** 12 अप्रैल, 2018 ई. को संयुक्त राष्ट्र परिषद् द्वारा इसे अनुमोदित किया गया। 3 जून, 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। साइकिल न केवल पर्यावरण हितैशी है बल्कि हमारी सेहत की रखवाली भी करती है। साइकिल को अपनाकर मोटरवाहनों से निकलने वाली विषैले उत्सर्जन की मात्रा में सार्थक कमी लायी जा सकती है। साइकिल को बढ़ावा देकर सड़क परिवहन को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जा सकता है।
   - **संदर्भः** कक्षा 7, हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'किसलय भाग–2', अध्याय 7, 'साइकिल की सवारी'** शीर्षक के साथ जोड़कर चर्चा करें।

2. **माउन्टबेटन योजना का प्रकाशन–** स्वतंत्रता पूर्व भारत के वायसराय लार्ड माउन्टबेटन ने देश विभाजन की योजना 3 जून, 1947 ई. को ही प्रकाशित किया था। इसे 'माउन्टबेटन योजना' कहा जाता है। इस योजना का अबुल कलाम आजाद और गाँधी जी ने घोर विरोध किया था। किन्तु कोई विकल्प शेष न रहने के कारण समझौते का रास्ता अपनाया।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3', अध्याय 12, 'राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947'** के उपखण्ड 'स्वतंत्रता के साथ–साथ विभाजन' से जोड़कर चर्चा करें।

3. **टैगोर को 'नाइटहुड' उपाधि सम्मान–** 3 जून, 1915 ई. को ब्रिटिश सरकार ने रविन्द्रनाथ टैगोर को 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित किया था। जिस व्यक्ति के पास यह उपाधि होती थी, उसके नाम के आगे 'सर' लगाया जाता है। हालांकि, बाद में जालियांवाला बाग हत्याकांड (13 अप्रैल 1919) से दुःखित होकर टैगोर ने यह सम्मान ब्रिटिश सरकार को वापस कर दिया था।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास की पुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग–3', अध्याय 12, 'राष्ट्रीय आन्दोलन 1885–1947'** के से जोड़कर चर्चा करें।

4. **हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इन्दौर (1918)–** महात्मा गाँधी की अध्यक्षता में इन्दौर में हिन्दी साहित्य सम्मेलन आयोजित हुआ और उसी में पारित एक प्रस्ताव के आधार पर हिन्दी राजभाषा मानी गयी। उस सम्मेलन में गाँधी जी ने कहा था– 'अगर हिन्दुस्तान को हमें सचमुच एक राष्ट्र बनाना है तो चाहे कोई माने या न माने, राष्ट्रभाषा हिन्दी ही बन सकती है। हिन्दी को जो स्थान प्राप्त है वह किसी दूसरी भाषा को कभी नहीं मिल सकता।'

Monday




Madhu priya

# दिवस विशेष

3 जून

## मधु प्रिया


## रवीन्द्रनाथ टैगोर को नाइटहुड की उपाधि 3 जून




महान बांग्ला लेखक दार्शनिक और कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर को आज ही के दिन **3** जून **1915** में ब्रिटिश सरकार ने नाइटहुड यानि सर की उपाधि से नवाजा था। लेकिन **1919** में उन्होंने इसे लौटा दिया। जलियांवाला बाग हत्याकांड से टैगोर को भारी धक्का पहुंचा। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा की और नाइटहुड की उपाधि अंग्रेज सरकार को लौटा दी। आधुनिक भारत के निर्माण में अपने साहित्य द्वारा प्रमुख भूमिका निभाने वाले टैगोर बांग्ला कवि,नाटककार,दार्शनिक, साहित्यकार और चित्रकार के रूप में याद किए जाते हैं। नाइटहुड एक उपाधि है जो किसी को ब्रिटिश राजा या रानी द्वारा उसकीउपलब्धियों या उसके देश के लिए उसकी सेवा के लिए दी जाती है। जिसे नाइटहुड से नवाजा जाता है वह अपने नाम के आगे 'सर' लगा सकता है। यह आमतौर पर एक राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला पुरस्कार है।

# पुण्यतिथि विशेष 03 जून

राकेश कुमार




**कृष्ण बल्लभ सहाय** *Krishna Ballabh Sahay*, जन्म- 31 दिसम्बर, 1866, पटना, बिहार; मृत्यु- 3 जून, 1974, हजारीबाग, झारखण्ड) भारत के सुप्रसिद्ध राष्ट्रभक्त एवं क्रांतिकारी थे, जो बाद में पहले बिहार के राजस्व मंत्री और फिर संयुक्त बिहार के मुख्यमंत्री भी बने। के. बी. सहाय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े थे। वह 2 अक्टूबर 1963 से 5 मार्च 1967 तक मुख्यमंत्री पद पर रहे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 02.06.2024

## शास्त्रीय अनुबंधन

शास्त्रीय अनुबंधन को साहचर्य द्वारा अधिगम के रूप में जाना जाता है। शास्त्रीय अनुबंधन में, एक प्राकृतिक उद्दीपन के साथ निकट समय और स्थान में होने के कारण एक तटस्थ उद्दीपन, प्राकृतिक प्रतिक्रिया को जन्म देता है और प्राकृतिक उद्दीपन की अनुपस्थिति में भी उस प्राकृतिक प्रतिक्रिया को प्राप्त करने में सक्षम हो जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**ब्रिटेन से भारत वापस आया 100 टन सोना , 1991 के बाद यह पहली बार है जब इतने बड़े पैमाने पर स्वर्ण भंडार को RBI भारत वापस लेकर आयी हो।**

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 406

## चुनाव में प्रयुक्त VVPAT मशीन का पूरा नाम क्या हैं ?

A. वोटर वैल्यूरेबल पेपर ऑडिट ट्रेल

B. वोटर वेरिफ़िएबल प्रिंट ऑडिट ट्रेल

C. वोटर वेरिफ़िएबल पेपर ऑडिट ट्रेल

D. वोटर वेरिफ़िएबल पेपर एड्रेस ट्रेल



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024

# टीम इंडिया की पॉसिबल प्लेइंग-11




## भारत के टी-20 वर्ल्ड कप मैच

| | |
|---|---|
| 5 जून भारत Vs आयरलैंड, न्यूयॉर्क | 8:00 PM |
| 9 जून भारत Vs पाकिस्तान, न्यूयॉर्क | 8:00 PM |
| 12 जून भारत Vs यूएसए, न्यूयॉर्क | 8:00 PM |
| 15 जून भारत Vs कनाडा, न्यूयॉर्क | 8:00 PM |

साहित्य के सर्वोच्च पुरस्कार ज्ञानपीठ, पद्म भूषण, साहित्य अकादमी, केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

# गोविंद शंकर कुरुप

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 3 जून 1901

मृत्यु- 2 फरवरी 1978



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## बिहार के चौथे मुख्यमंत्री, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी

# कृष्ण बल्लभ सहाय

## की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

**जन्म- 31 दिसम्बर 1898 - मृत्यु– 3 जून 1974**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

3 जून



# विश्व साईकिल दिवस



" विश्व साईकिल दिवस "की शुभकामनाएं। आइए इस अवसर पर आज परिवहन के इस सादे, उचित, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल सतत साधन को बढ़ावा देने के लिए संकल्प लें।

Madhu priya

03 जून 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक महान व्यक्ति हमेशा छोटा बनने को तैयार रहता है।

**राल्फ वाल्डो इमर्सन**



राकेश कुमार